(21)

**दिनांक–24.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN IN GRAM PANCHAYAT DEHTI DAKSHIN AND GRAM PANCHAYAT SUKHASAINA UNDER BLOCK PALASI OF DIST- ARARIA कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की आहूत बैठक की कार्यवाहीः–**

---

**उपस्थितिः–**

(i) श्री कुमार रवि, – अध्यक्ष
सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर, – सदस्य
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–
विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना।

(iii) ई0 रामाज्ञा कुमार, – सदस्य
मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) श्री विकास कुमार पाण्डेय, – सदस्य
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना।

**कार्यवाहीः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | – | **CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN IN GRAM PANCHAYAT DEHTI DAKSHIN AND GRAM PANCHAYAT SUKHASAINA UNDER BLOCK PALASI OF DIST- ARARIA** |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | – | ₹6.10 करोड़ (02 अदद के लिए 3.05 करोड़ की दर से) (पंचायती राज्य विभाग का ज्ञापांक–1291 दिनांक– 08.02.2024) |
| 3. | **तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (विद्युत कार्य सहित)** | – | ₹5,87,32,112/– {मुख्य अभियंता (उत्तर) का पत्रांक–2093 (नि0) अनु0 दिनांक–10.06.2025 |
| 4. | **योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि** | – | ₹5,83,73,870/- |
| 5. | **निविदा आमंत्रित की तिथि** | – | 03.12.2025 |
| 6. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि** | – | 12.01.2026 |
| 7. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | – | 12.01.2025 |
| 8. | **प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय** | – | दिनांक–29.12.2025 को 3.00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–22.12.2025 को 3.00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | **कार्य समाप्ति की अवधि** | – | 12 (बारह) माह |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | दैनिक समाचार पत्र, दिनांक–07.12.2025 |
| 12. | **प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | – | पी0आर0सं0–018936(भवन)2025–26 |
| 13. | **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** | – | **i)** AMIT KUMAR ADD- NEHRU NAGAR. EAST OF GRAND APARTMENT. PATLIPUTRA (RWD CLASS-1, Reg. No.-1240539)<br>– **ii)** MD IFTEKHAR ALAM ADD- WARD NO 12 JOKIHAT, ARARIA (BCD CLASS-1, Reg. No.- 1250112) |

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदाः-** दिनांक-13.10.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति **की** आहूत बैठक में विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये दो निविदाकारों में से कोई भी निविदाकार** के तकनीकी बीड में **'सफल'** नहीं पाये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में निविदा को रद्द कर **'पुनर्निविदा'** करने का निर्णय लिया गया।

15. **द्वितीय बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):-** विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में उपरोक्त दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया। अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक-143 अनु0 दिनांक-19.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड के अभिलेखों को मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकार द्वारा समर्पित किय गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया किः-

(i) प्रथम निविदाकार "AMIT KUMAR ADD- NEHRU NAGAR, EAST OF GRAND APARTMENT, PATLIPUTRA (RWD CLASS-1, Reg. No.- 1240539)" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि इनके द्वारा द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(d) (**The contractor or his identified sub-contractor should possess required valid electrical license for executing the building electrification works and should have executed similar electrical works for a minimum amount as indicated in Appendix in any one year**) के तहत Electrical work Sublet किया गया है। जिसका Electrical Licence समर्पित किया गया है। परन्तु एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत मांगी गयी Electrical work के विरुद्ध Sublet का अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित नहीं किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार " MD IFTEKHAR ALAM ADD- WARD NO 12 JOKIHAT, ARARIA (BCD CLASS-1, Reg. No.- 1250112)" इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

16. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से द्वितीय बार आमंत्रित निविदा में **भाग लिये दो निविदाकारों में से एकमात्र निविदाकार** " MD IFTEKHAR ALAM ADD- WARD NO 12 JOKIHAT, ARARIA" को तकनीकी बीड में **'सफल'** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तदालोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

17. **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

विषयांकित कार्य CONSTRUCTION OF PANCHAYAT SARKAR BHAWAN IN GRAM PANCHAYAT DEHTI DAKSHIN AND GRAM PANCHAYAT SUKHASAINA UNDER BLOCK PALASI OF DIST- ARARIA का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक-25.02.2026 की बैठक में की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही की प्रति को विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय। दिनांक-30.03.2026 के पूर्वाह्न-10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति यदि प्राप्त होती है तो मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु अगली विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य अभियंता(उत्तर) तकनीकी बीड में सफल एकमात्र निविदाकार का वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

18. विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24/3/26 | 24.3.26 | 24.3.26 | 24/3/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (रामाज्ञा कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आन्तरिक वित्तीय सलाहकार | मुख्य अभियंता(उत्तर) | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, | सचिव |
| भ0नि0वि0, पटना। | भ0नि0वि0, पटना। | भ0नि0वि0, पटना। | भ0नि0वि0, पटना। |

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**
**<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>**

**ज्ञापांकः**-भ0उ0वि0/यो0(पू0)-49/2025-1947 पटना, दिनांकः- 24/3/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.3.26
मुख्य अभियंता (उत्तर)।